**प्रेस** विज्ञप्ति

# अफोर्डेबिलिटी पेमेंट पोर्टल 18 जनवरी को खुलेगा

17 जनवरी, 2023 मीडिया पूछताछ

## 18 जनवरी को सुबह 9 बजे से, अल्बर्टा में रहने वाले पात्र माता-पिता और वरिष्ठ जन छह महीने में अफोर्डेबिलिटी पेमेंट में $600 प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

अल्बर्टा की अर्थव्यवस्था मजबूती से उबरी है, लेकिन बहुत से लोग अपने घरों में गर्मी बनाए रखने और अपने परिवारों को खिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और सरकार उनकी मदद करना चाहती है। अल्बर्टा के सभी नागरिकों की मदद के लिए उल्लेखनीय व्यापक-आधार वाले समर्थन के साथ, अल्बर्टा की सरकार परिवारों, वरिष्ठ जनों और सबसे अधिक ज़रूरतमंदों को लक्षित राहत पहुंचा रही है।

सुरक्षित ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 18 जनवरी को सुबह 9 बजे लॉन्च होगा। $180,000 से कम घरेलू आय वाले परिवार 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक आश्रित बच्चे के लिए छह महीने तक $100 प्रति माह प्राप्त करने के पात्र हैं। वरिष्ठ जन जो 65 वर्ष या अधिक उम्र के हैं और जिनकी घरेलू आय $180,000 से कम है और अल्बर्टा वरिष्ठ नागरिक लाभ (अल्बर्टा सीनियर्स बेनिफिट) प्राप्त नहीं करते हैं, वे भी मासिक भुगतान के लिए आवेदन कर सकते हैं।

कोई भी व्यक्ति जो आसानी से ऑनलाइन तक पहुंच नहीं जा सकता है, वह नियमित कार्य घंटों के दौरान 50 स्थानों और 100 से अधिक भाषाओं में समर्थन प्राप्त करने हेतु किसी भी रजिस्ट्री एजेंट या अल्बर्टा सपोर्ट्स के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से आवेदन कर सकता है।

आवेदन 18 जनवरी से 30 जून, 2023 के बीच कभी भी स्वीकार किए जाएंगे। एक बार आवेदन प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, अधिकांश अल्बर्टा वासी उस महीने के अंत में भुगतान प्राप्त करेंगे। सटीक समय भिन्न होगा।

### ऑनलाइन आवेदन करना तेज़ और सुरक्षित है

प्रत्यक्ष समर्थन हेतु आवेदन पोर्टल को व्यक्तिगत निजता और सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया था। आवेदन करने के लिए, पात्र माता-पिता और वरिष्ठों जनों के पास एक पुष्टिकृत या लंबित सत्यापित खाता होना चाहिए, जो अल्बर्टा वासियों को कागजी दस्तावेजों या आमने-सामने की मुलाकातों के बिना ऑनलाइन मोड में यह साबित करने देता है कि वे कौन हैं।

अल्बर्टा वासी साइन इन करने और अपना ऑनलाइन आवेदन पूरा करने के लिए अपने सत्यापित खाते से लॉग-इन

जानकारी का उपयोग करेंगे। आवेदकों से उनकी पात्रता के साथ ही साथ बैंकिंग जानकारी को सत्यापित करने के लिए कई प्रश्न पूछे जाएंगे ताकि भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में जमा किए जा सकें। जिन आवेदकों के पास बैंक खाते नहीं हैं वे भी डाक द्वारा भेजे गए चेकों के माध्यम से अपने भुगतान प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते हैं।

उन लोगों के लिए व्यक्तिगत रूप से, ऑनलाइन और कॉल-इन समर्थन भी उपलब्ध हैं जिन्हें ऑनलाइन आवेदन करने में कठिनाई होती है या जिन्हें अतिरिक्त सहायता चाहिए।

**ज़रूरतमंद अल्बर्टा वासियों को स्वचालित रूप से भुगतान प्राप्त होगा**

कई अल्बर्टा वासी जो मुहंगाई से राहत के लिए सीधे भुगतान की अर्हता रखते हैं, स्वचालित रूप से नामांकित होते हैं और उन्हें पोर्टल या व्यक्तिगत रूप से आवेदन करने की ज़रूरत नहीं होती है। प्रत्येक व्यक्ति जो "गंभीर विकलांगों के लिए सुनिश्चित आय" (AISH), "आय सहायता या अल्बर्टा सीनियर्स बेनिफिट" के माध्यम से या "विकासात्मक अक्षमताओं वाले व्यक्ति" (PDD) कार्यक्रम की सेवाओं के माध्यम से लाभ प्राप्त करता है, वह पहले से ही पंजीकृत है और 31 जनवरी से अपने $100 के भुगतान स्वचालित रूप से प्राप्त करने लगेगा। यदि आप इनमें से किसी एक कार्यक्रम के प्राप्तकर्ता हैं और आपके पास 18 वर्ष से कम आयु के आश्रित बच्चे भी हैं, तो आपको पोर्टल के माध्यम से अपने बच्चों हेतु भुगतान प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा।

पालक और रिश्ते वाले देखभालकर्ता भी स्वचालित रूप से पंजीकृत होते हैं और उनकी देखरेख में पल रहे बच्चों के लिए आवेदन करने की ज़रूरत नहीं होती है।

अफोर्डेबिलिटी पेमेंट में $600 के साथ, अफोर्डेबिलिटी एक्शन प्लान कुल बिजली छूटों में $500 और अनुमानित ईंधन कर राहत में सैकड़ों डॉलर, साथ ही साथ प्राकृतिक गैस कीमत से संरक्षण और आय कर में बदलाव भी प्रदान कर रहा है ताकि जीवनयापन के बढ़ते खर्चों में मदद मिल सके। ज़रूरतमंद अल्बर्टा वासियों की और सहायता करने के लिए, अल्बर्टा की सरकार ने मुख्य सहायता कार्यक्रमों और अतिरिक्त फूडबैंक फंडिंग में वृद्धि की है।

**त्वरित तथ्य**

- पूर्वव्यापी भुगतान वाले आवेदन उन पिछले महीनों को शामिल करने के लिए 30 जून तक जमा किए जा सकते हैं जब कोई व्यक्ति पात्र था।
- जो आवेदक तुरंत सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करने में सक्षम नहीं हैं, उनके पास अपने आवेदन को तब तक सहेजने का अवसर होगा जब तक कि वे शेष विवरण दर्ज करने के लिए आवेदन पर वापस नहीं आ सकते। उनके भुगतान में तब तक देरी हो सकती है जब तक कि वे प्रासंगिक जानकारी प्रदान नहीं कर पाते।
- अल्बर्टा की सरकार आय के आधार पर पात्रता की पुष्टि करने के लिए कनाडा रेवेन्यू एजेंसी (CRA) के वर्ष 2021 के कर डेटा का उपयोग करेगी।
- अपने आवेदन में मदद के लिए, अल्बर्टा वासी:
    - सत्यापित खाता यानी वेरिफाइड अकाउंट सपोर्ट लाइन को 1-844-643-2789 पर कॉल कर सकते हैं
    - अफोर्डेबिलिटी एक्शन प्लान इन्फॉर्मेशन लाइन को 1-844-644-9955 पर कॉल कर सकते हैं।
    - बिना किसी शुल्क के 50 स्थानों और 100 से अधिक भाषाओं में समर्थन प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से किसी भी रजिस्ट्री एजेंट या अल्बर्टा सपोर्ट्स सेंटर पर जा सकते हैं। आवेदन

अवधि के दौरान, अल्बर्टा सपोर्ट्स निम्नलिखित विस्तारित घंटे प्रदान कर रहा है:

  - शाम 4:30 से रात 8 बजे तक सोमवार से शुक्रवार, और
  - शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक।

- सभी ऑनलाइन खातों की तरह, अल्बर्टा वासियों को मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए तथा अपना पासवर्ड किसी और के साथ साझा नहीं करना चाहिए। मजबूत पासवर्ड बनाने के लिए टिप्स आवेदन साइट पर उपलब्ध हैं।
- अल्बर्टा की सरकार भुगतान प्राप्त करने के लिए अल्बर्टा वासियों को व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी सबमिट करने के लिए टेक्स्ट या ईमेल नहीं भेजेगी।
- इसे करने के तरीकों वाले वीडियो और सवालों के जवाब सहित अतिरिक्त जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है।

**मीडिया पूछताछ**


**एंड्रिया फार्मर (Andrea Farmer)**

780-405-0775
प्रेस सचिव, अफोर्डेबिलिटी और यूटिलिटीज

**मेलिसी क्रेन (Melissa Crane)**

780-777-3409
प्रेस सचिव, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन